### राज्य व्यापार निगम में चोरी और गबन के मामले

1795. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत तीन वर्षों के दौरान राज्य व्यापार निगम में चोरी और गबन के कुछ मामले हुए हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उनके वर्षवार आंकड़े क्या हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मन्त्री (श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ) :

(क) गत तीन वर्षों में राज्य व्यापार निगम में चोरी के केवल 3 मामले हुए हैं ।

(ख) (1) 1975 मे चोरी के दो मामले ।

(2) 1976 मे चोरी का एक मामला ।

### इन्दौर में औषध निर्माताओं के विरुद्ध केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच

1796. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या वाणिज्य मंत्री केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा इन्दौर की औषध निर्माता फ़र्मों की जांच के बारे में 2 अप्रैल, 1976 के अतारांकित प्रश्न सख्या 1876 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इंदौर के औषध निर्माताओं द्वारा की गई अनियमितताओं के 19 मामलों की केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा की गई जांच का क्या परिणाम निकला और यदि जांच अभी तक पूरी नहीं हुई है, तो उसमें कितना समय और लगने की संभावना हैं ; और

(ख) किन-किन फ़र्मों के विरुद्ध मामले दर्ज किए गए हैं और इन फ़र्मों ने कब से कार्य करना प्रारम्भ किया था ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमन्त्री (श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह) : (क) और (ख). जांच पड़ताल पूरी होने वाली है और शीघ्र ही उसे अन्तिम रूप दिये जाने की आशा है । इस अवस्था में फ़र्मों के नाम तथा अन्य ब्यौरे बताना जांच पड़ताल के हित में नहीं है ।

### मध्य प्रदेश की चंदेरी की साड़ियों के निर्यात से राजस्व की प्राप्ति में कमी

1797. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश की चंदेरी की साड़ियों के निर्यात से विगत वर्ष राजस्व की प्राप्ति में कमी हुई ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमन्त्री (श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह): (क) और (ख). मध्य प्रदेश से चंदेरी की साड़ियों के होने वाले निर्यातों के आकड़े अलग से उपलब्ध नहीं है ।

### मध्य प्रदेश में लघु उद्योगों के लिए बैंक ऋण

1798. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या राजस्व और बैंकिंग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 1974-1975 और 1975-76 में राष्ट्रीयकृत बैंकों ने मध्यप्रदेश के सभी जिलों मे लघु उद्योगों को कुल कितनी राशि के ऋण दिए ?

**राजस्व और बैंकिंग विभाग के प्रभारी राज्य मंत्री (श्री प्रणब कुमार मुखर्जी) :** मध्य प्रदेश में, छोटे पैमाने के उद्योगों को सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा दिए गए अग्रिमों की बकाया राशि को जून, 1974 और जून, 1975 के अन्त की जिलेवार स्थिति सभा पटल पर रखे गए अनुबन्ध में दी गयी है। [ग्रंथालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी० 11259/76]

## अफीम का निर्यात

1799. **श्री भागीरथ भंवर :** क्या **राजस्व और बैंकिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या कुछ देश भारत से अफीम का आयात बन्द करने की कोशिश कर रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो उन देशों के नाम क्या है और इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**राजस्व और बैंकिंग विभाग के प्रभारी राज्य मंत्री (श्री प्रणब कुमार मुखर्जी) :** (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

## काश्मीर को पर्यटक यातायात

1800. **श्री भागीरथ भंवर :** क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या इस वर्ष काश्मीर के पर्यटक केन्द्रों में सर्वाधिक भारतीय तथा विदेशी पर्यटकों का आगमन हुआ है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

**पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) :** (क) जी, हां। 1976 (जनवरी—जुलाई) में काश्मीर की यात्रा करने वाले भारतीय और विदेशी यात्रियों की कुल संख्या 190,512 173,120 भारतीय तथा 17,392 विदेशी) थी जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह संख्या 107,497 (96,209 भारतीय तथा 11,288 विदेशी) थी तथा 1973 की इस अवधि के दौरान यह संख्या 118,097 (107,744 भारतीय तथा 10,353 विदेशी) थी, जो कि गत वर्षों में अधिकतम संख्या थी।

(ख) काश्मीर पर्यटन केन्द्र के रूप में सुप्रसिद्ध है और केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा किए गए विभिन्न प्रोत्साही उपायों ने भी राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायता दी है।

## भूतपूर्व राजाओं और संसद सदस्यों के घरों पर छापे

1801. **श्री भागीरथ भंवर :** क्या **राजस्व और बैंकिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आपात स्थिति के बाद किन किन भूतपूर्व राजाओं के घरों पर छापे मारे गए; और प्रत्येक से कितने मूल्य की सम्पत्ति मिली है;

(ख) कितने मामलों में पकड़ी गई सम्पत्ति को अन्तिम रूप में सरकारी सम्पत्ति घोषित कर दिया गया है और ऐसे मामलों में अन्तर्ग्रस्त लोगों के नाम क्या है, और

(ग) संसद और राज्य विधान मंडलों के उन सदस्यों के नाम क्या हैं जिनके घरों पर इस अवधि के दौरान छापे मारे गए